भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 684**
28 नवंबर,2024 को उत्तर देने के लिए

**एक्वाकल्चर उत्पादों का प्रसंस्करण**

**684. श्री पुट्टा महेश कुमार:**
**श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** आंध्र प्रदेश के एलुरु और नेल्लोर जिलों सहित देश भर में एक्वाकल्चर उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों/ पहलों का ब्यौरा क्या है;

**(ख)** उक्त जिलों सहित राज्य- वार प्रस्तावित/निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यशील ऐसी प्रसंस्करण इकाइयों कि संख्या का ब्यौरा क्या है;

**(ग)** आंध्र प्रदेश में उक्त जिलों सहित राज्य- वार एक्वाकल्चर उत्पादों के खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों (एफपीआई) की स्थापना के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

**(घ)** क्या सरकार का देश में एफपीआई की स्थापना में वृद्धि करने का विचार है;

**(ड.)** यदि हां, तो आंध्र प्रदेश के उक्त जिलों सहित देश भर में लाभाथ्रियों की कुल संख्या सहित आवंटित/ उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

**(च)** क्या सरकार ने उक्त योजना के लिए कोई प्रचार गतिविधियां/अभियान चलाए हैं और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एलुरु और नेल्लोर जिलों सहित देश भर में जलीय कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की घटक योजनाओं के रूप में ऑपरेशन ग्रीन्स - दीर्घकालिक हस्तक्षेप और एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना के लिए योजना को कार्यान्वित्त कर रहा है। शीत श्रृंखला घटक योजना के अंतर्गत, सामान्य क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए पात्र परियोजना लागत का 35% की दर से अनुदान सहायता और दुर्गम क्षेत्रों के साथ-साथ एससी/एसटी, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की परियोजनाओं के लिए पात्र परियोजना लागत का 50% की दर से अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो कि समुद्री/मछली (झींगा को छोड़कर) उत्पादों को एकत्रित करने के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए खेत से उपभोक्ता तक बिना किसी रुकावट के एकीकृत शीत श्रृंखला, परिरक्षण और मूल्य संवर्धन अवसंरचना सुविधाओं के लिए प्रति परियोजना अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक की सीमा के अधीन है । ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के अंतर्गत मंत्रालय अन्य बातों के साथ-साथ एकीकृत मूल्य श्रृंखला विकास परियोजनाओं और झींगा के लिए एकल एकत्रण-पश्चात अवसंरचना परियोजनाओं के लिए सामान्य क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए पात्र परियोजना लागत का 35% की दर से अनुदान सहायता और दुर्गम क्षेत्रों के साथ-साथ एससी/एसटी, एफपीओ और एसएचजी की परियोजनाओं के लिए पात्र परियोजना लागत का 50% की दर से अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता

प्रदान करता है। एकीकृत मूल्य श्रृंखला विकास परियोजनाओं के लिए अधिकतम अनुदान सहायता 15 करोड़ ₹ प्रति परियोजना होगी; तथा एकल फसलोत्तर अवसंरचना परियोजनाओं के लिए अधिकतम अनुदान सहायता 10 करोड़ ₹ प्रति परियोजना होगी।

**(ख) से (ग):** पीएमकेएसवाई की किसी भी घटक योजना के तहत राज्य-वार निधियों का आवंटन नहीं किया गया है। पीएमकेएसवाई की ऑपरेशन ग्रीन्स और शीत श्रृंखला योजना के तहत आंध्र प्रदेश सहित देश में स्वीकृत जलीय कृषि उत्पादों के लिए प्रसंस्करण इकाइयों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

**(घ):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओफपीआई) वर्ष 2017-18 से देश भर में केंद्रीय क्षेत्र अंब्रेला योजना " प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई)" कार्यान्वित्त कर रहा है। इस योजना का मूल उद्देश्य देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (एफपीआई) की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएमकेएसवाई में कई प्रचालनरत घटक योजनाएं हैं जैसे कि कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी), एकीकृत शीत शृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना (आईसीसी), खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार (सीईएफपीपीसी) और ऑपरेशन ग्रीन्स (ओजी) ।

**(ङ):** एफपीआई की स्थापना के लिए पीएमकेएसवाई की किसी भी घटक योजना के तहत राज्य-वार निधियों का आवंटन नहीं किया गया है। अब तक इस मंत्रालय ने देश भर में पीएमकेएसवाई घटक योजनाओं के माध्यम से 1186 लाभार्थियों को कुल 8560.62 करोड़ रुपये की अनुमोदित अनुदान सहायता के साथ वित्तीय सहायता प्रदान की है । इनमें से 777.95 करोड़ रुपये की अनुमोदित अनुदान सहायता वाले 72 लाभार्थी आंध्र प्रदेश राज्य से हैं, जिनमें 20.00 करोड़ रुपये की अनुमोदित अनुदान सहायता वाले एलुरू जिले के 3 लाभार्थी और 69.19 करोड़ रुपये की अनुमोदित अनुदान सहायता वाले नेल्लोर जिले के 8 लाभार्थी शामिल हैं।

**(च):** पीएमकेएसवाई योजना के तहत, योजना की शुरुआत से राष्ट्रीय और राज्य स्तर के जागरूकता अभियानों जैसे समाचार पत्र विज्ञापन, रेडियो जिंगल्स, प्रदर्शनी और एक्सपो, क्रेता-विक्रेता बैठक, मंत्रालय की वेबसाइट इत्यादि के माध्यम से लाभार्थियों के बीच जागरूकता और भागीदारी देने के लिए विभिन्न पहल की गई हैं।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 28 नवंबर, 2024 को उत्तर हेतु "एक्वाकल्चर उत्पादों का प्रसंस्करण" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 684 के भाग (ख) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**पीएमकेएसवाई की ऑपरेशन ग्रीन्स और शीत शृंखला योजना के अंतर्गत देश में स्वीकृत जलीय कृषि उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयों का विवरण (दिनांक 15.11.2024 की स्थिति के अनुसार)**

| **ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के तहत अनुमोदित झींगा प्रसंस्करण परियोजनाएं** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **आवेदक का नाम** | **क्लस्टर/जिला** | **अनुमोदन पत्र की तिथि** | **कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए)** | **स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपए)** | **जारी अनुदान (करोड़ रुपये)** | **स्थिति** |
| **आंध्र प्रदेश** | | | | | | | |
| 1. | अद्विश्रु मरीन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | पूर्वी गोदावरी | 09-11-2022 | 35.00 | 10.00 | 3.33 | जारी |
| 2. | अवंती फ्रोजन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | काकीनाडा | 16-11-2022 | 64.62 | 10.00 | 0 | जारी |
| 3. | देवी फिशरीज लिमिटेड | काकीनाडा | 09-11-2022 | 105.50 | 15.00 | 0 | जारी |
| 4. | राज्यलक्ष्मी मरीन एक्सपोर्ट्स | काकीनाडा | 09-11-2022 | 49.25 | 10.00 | 6.67 | जारी |
| 5. | अन्नाम मरीन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | गुंटूर | 09-11-2022 | 51.00 | 10.00 | 0 | जारी |
| 6. | मिलेश मरीन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | कृष्णा | 09-11-2022 | 34.85 | 10.00 | 0 | जारी |
| 7. | अल्फा मरीन लिमिटेड | नेल्लोर | 09-11-2022 | 98.00 | 9.62 | 9.62 | पूर्ण |
| 8. | फाल्कन मरीन एक्सपोर्ट्स लिमिटेड | नेल्लोर | 16-11-2022 | 59.91 | 10.00 | 0 | जारी |
| 10. | देवी सी फूड्स लिमिटेड | पश्चिमी गोदावरी | 16-11-2022 | 75.18 | 10.00 | 0 | जारी |
| 11. | संध्या मरीन्स लिमिटेड | पश्चिमी गोदावरी | 09-11-2022 | 72.10 | 10.00 | 0 | जारी |
| 12. | समित मरीन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | पश्चिमी गोदावरी | 09-11-2022 | 55.60 | 10.00 | 6.66 | जारी |
| 13. | एसएमएसईए कॉर्पोरेशन एलएलपी | विशाखापत्तनम | 09-11-2022 | 52.27 | 10.00 | 3.33 | जारी |
| **कुल** | | | | **753.28** | **124.62** | **29.61** | |

| एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना के अंतर्गत अनुमोदित समुद्री/मछली (झींगा को छोड़कर) प्रसंस्करण परियोजनाएं | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **आवेदक का नाम** | **ज़िला** | **अनुमोदन पत्र की तिथि** | **कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए)** | **अनुमोदित अनुदान (करोड़ रुपए)** | **जारी अनुदान (करोड़ रुपये)** | **स्थिति** |
| **महाराष्ट्र** | | | | | | | |
| 1. | नेक्कंती सी फूड्स लिमिटेड. | रायगढ़ | 22-05-2015 | 48.32 | 10 | 10 | पूर्ण |
| 2. | देवी एक्वा टेक प्राइवेट लिमिटेड | नवी मुंबई | 17-04-2017 | 63.7 | 10 | 10 | पूर्ण |
| 3. | संध्या मरीन्स लिमिटेड. | रायगढ़ | 19-04-2017 | 13.43 | 4.22 | 4.22 | पूर्ण |
| 4. | साई मरीन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | ठाणे | 12-10-2018 | 63.25 | 8.93 | 8.93 | पूर्ण |
| 5. | मौर्य एक्वैक्स प्राइवेट लिमिटेड | नवी मुंबई | 29-10-2018 | 44.77 | 9.83 | 9.83 | पूर्ण |
| 6. | सैम एक्वा एक्सपोर्ट्स एलएलपी | रायगढ़ | 25-05-2022 | 43.49 | 10 | 9.56 | पूर्ण |
| 7. | जीएसआर निर्माण | नवी मुंबई | 25-05-2022 | 44.33 | 10 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 8. | अंडमान कोल्ड चेन | रायगढ़ | 04-05-2017 | 5 | 2.81 | 2.81 | पूर्ण |
| 10. | मिनाज़ एक्सपोर्ट्स | ठाणे | 29-02-2024 | 9.88 | 1.18 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11. | मालपेफ्रेश मरीन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | नवी मुंबई | 08-08-2017 | 18.1 | 4.37 | 4.37 | पूर्ण |
| 12. | अलाशोर मरीन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | रायगढ़ | 08-12-2022 | 36.49 | 8.51 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 13. | मार्बल वैली फूड्स एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड | नवी मुंबई | 19-04-2017 | 32.47 | 8.24 | 8.24 | पूर्ण |
| 14. | मानसून बाउंटी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड | रायगढ़ | 18-08-2017 | 11.37 | 3.42 | 3.42 | पूर्ण |
| 15. | मेगा मोडा प्राइवेट लिमिटेड | ठाणे | 20-04-2017 | 35.28 | 8.27 | 8.27 | पूर्ण |
| 16. | एनडीएम सी फूड प्रोसेसर्स एंड एक्सपोर्टर्स प्राइवेट लिमिटेड | नवी मुंबई | 29-10-2018 | 36.08 | 9.65 | 9.65 | पूर्ण |
| **मिजोरम** | | | | | | | |
| 17. | संध्या एक्वा एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | आइजोल | 22-10-2018 | 55.04 | 9.6 | 9.6 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18. | थ्री सीजन्स एक्ज़िम लिमिटेड | आइजोल | 27-12-2018 | 86 | 10 | 6.3 | कार्यान्वयनाधीन |
| 19. | यशस्वी फिश मिल एंड ऑइल कंपनी | आइजोल | 12-11-2018 | 73.05 | 10 | 10 | पूर्ण |
| 20. | अबाद फिशरीज प्राइवेट लिमिटेड | आइजोल | 17-04-2017 | 10.36 | 2.22 | 2.22 | पूर्ण |
| 21. | सागर मल्टीपर्पस स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड | आइजोल | 19-07-2019 | 15.46 | 4.6 | 4.43 | पूर्ण |
| 22. | पशुपति एक्वेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड | आइजोल | 22-07-2019 | 49.5 | 9.82 | 9.82 | पूर्ण |
| **नागालैंड** | | | | | | | |
| 23. | फेडोरा सी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | दीमापुर | 07-01-2019 | 38.48 | 8.94 | 8.94 | पूर्ण |
| 24. | सन एक्वाटिक प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | दीमापुर | 17-04-2017 | 27.31 | 10 | 9.63 | पूर्ण |
| 25. | पोद्दार प्रोजेक्ट्स लिमिटेड | दीमापुर | 08-12-2022 | 37.82 | 7.88 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| **ओडिशा** | | | | | | | |
| 26. | एनके मरीन एक्सपोर्ट्स एलएलपी | बालासोर | 02-01-2019 | 52.5 | 9.28 | 9.28 | पूर्ण |
| 27. | वीरभद्र एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | बालासोर | 28-09-2020 | 36.38 | 9.88 | 9.88 | पूर्ण |
| 28. | जया लक्ष्मी सी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | खुर्दा | 23-11-2020 | 74.23 | 10 | 9.63 | पूर्ण |
| 29. | कैसलरॉक फिशरीज प्राइवेट लिमिटेड | खोर्दा | 24-11-2020 | 40.85 | 10 | 2.37 | कार्यान्वयनाधीन |
| 30. | कोस्टल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | बालासोर | 24-11-2020 | 71.16 | 9.95 | 9.95 | पूर्ण |
| 31. | ग्रैंड मरीन एक्ज़िम | बालासोर | 23-03-2023 | 38.45 | 9.8 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 32. | ब्लू फिन फ्रोजन प्राइवेट लिमिटेड | बालासोर | 04-07-2012 | 25.46 | 6.16 | 6.16 | पूर्ण |
| 33. | फोरस्टार फ्रोजन फूड प्राइवेट लिमिटेड | खुर्दा | 04-10-2013 | 36.68 | 10 | 10 | पूर्ण |
| 34. | सीसागा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड | खोर्दा | 19-04-2017 | 51.46 | 10 | 10 | पूर्ण |
| 35. | वीकेएम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | बालासोर | 12-04-2018 | 16.25 | 4.22 | 4.22 | पूर्ण |
| 36. | **मथुरापुर एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एससी)** | बालासोर | 08-12-2022 | 19.95 | 4.65 | 1.53 | कार्यान्वयनाधीन |
| **तमिलनाडु** | | | | | | | |
| 37. | वर्मा मरीन | तिरुनिवेली | 23-11-2020 | 26.44 | 9.9 | 9.83 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 38. | अपर्णा मरीन एक्सपोर्ट्स | तिरुवल्लुर | 31-03-2021 | 40.67 | 9.53 | 9.53 | पूर्ण |
| 39. | एलाफ कोल्ड स्टोरेज | तिरुनिवेली | 18-01-2019 | 29.99 | 10 | 9.83 | पूर्ण |
| 40. | मिज़ोफ़ा फिश सीड फार्म | तिरुवल्लुर | 11-11-2011 | 5.2 | 3.03 | 3.03 | पूर्ण |
| **पश्चिम बंगाल** | | | | | | | |
| 41. | मेकवर्ल्ड मरीन्स एंड एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | हावड़ा | 31-03-2021 | 28.22 | 10 | 6.27 | कार्यान्वय नाधीन |
| 42. | वैसाखी बायो मरीन प्राइवेट लिमिटेड | हुगली | 31-03-2021 | 44.16 | 10 | 0 | कार्यान्वय नाधीन |
| 43. | मुलपुरी एक्वा प्रोसेसर्स | हावड़ा | 31-03-2021 | 37.07 | 10 | 9.58 | पूर्ण |
| 44. | कृष्णा कोस्टल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मेदिनीपुर | 31-05-2021 | 6.65 | 1.69 | 1.62 | पूर्ण |
| 45. | गायत्री मरीन प्रोडक्ट्स | दक्षिण 24 परगना | 25-05-2022 | 31.58 | 8.4 | 5.19 | कार्यान्वय नाधीन |
| 46. | आध्या सी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | दक्षिण 24 परगना | 25-05-2022 | 39.72 | 10 | 6.18 | कार्यान्वय नाधीन |
| 47. | ज़ोरम फिश सीड्स प्रोड्क्शन सेंटर | हावड़ा | 30-07-2012 | 17.26 | 9.74 | 9.74 | पूर्ण |
| 48. | नागालैंड इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन (एसटी) | हुगली | 17-04-2017 | 18.59 | 6.98 | 6.98 | पूर्ण |
| 49. | फाल्कन मरीन एक्सपोर्ट्स लिमिटेड | हावड़ा | 17-04-2017 | 77.18 | 10 | 10 | पूर्ण |
| 50. | हाईलैंड एग्रो | मेदिनीपुर | 19-07-2019 | 53.08 | 10 | 9.3 | पूर्ण |
| 51. | सबरी फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | दक्षिण 24 परगना | 31-03-2021 | 49.39 | 10 | 9.5 | पूर्ण |
| 52. | बी वन बिजनेस हाउस प्राइवेट लिमिटेड | दक्षिण 24 परगना | 13-06-2022 | 33.79 | 9.9 | 2.35 | कार्यान्वय नाधीन |
| **कुल** | | | | **1901.34** | **415.60** | **332.19** | |

*****